आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर से होगा कार्यों का आधुनिकीकरण

डीडवाना। भारतीय डाक विभाग अब पूरी तरह से नई तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाने को तैयार है। विभाग के आंतरिक कार्यों को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और तेज़ बनाने के लिए जल्द ही पुराने "दर्पण" सॉफ्टवेयर की जगह अत्याधुनिक 2.0 सॉफ्टवेयर को लागू किया जाएगा।

इस तकनीकी बदलाव को लेकर राजस्थान सर्किल के सभी डाकघरों में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में डीडवाना - कुचामन जिले के डीडवाना स्थित प्रधान डाकघर में डाक विभाग के कर्मचारियों को इस नए सॉफ्टवेयर के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र में डीडवाना क्षेत्र के विभिन्न शाखा डाकघरों से आए शाखा डाकपाल और सहायक शाखा डाकपाल भाग के रहे हैं। प्रशिक्षण का नेतृत्व कर रहे डीडवाना के डाक निरीक्षक राज चौधरी ने आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर की विशेषताओं, कार्यप्रणाली और उपयोग की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि यह नया सॉफ्टवेयर विभागीय कार्यों को न केवल तेज बनाएगा, बल्कि डेटा प्रबंधन, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को भी अधिक कुशल बनाएगा। पोस्ट मास्टर नोरत मल ने बताया की प्रशिक्षण के दौरान एप का उपयोग कर डिजिटल माध्यम से भी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही, डाक कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से भी 2.0 सॉफ्टवेयर का कोर्स पूर्ण करवाया गया, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। डाक निरीक्षक राज चौधरी ने इस पहल को डाक विभाग के लिए एक तकनीकी क्रांति करार दिया। उनका मानना है कि इससे ग्रामीण डाक सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार होगा, जिससे आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। डाक विभाग का यह कदम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा और प्रभावी कदम माना जा रहा है।

आपातकाल पर संगोष्ठी आज

अजमेर। भाजपा शहर जिला अजमेर द्वारा बुधवार को आपातकाल के विषय पर संगोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय में किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि इसमें शहर जिला अजमेर के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला संगठन प्रभारी, महापौर, उपमहापौर, सभापति, उपसभापति, जिला प्रमुख, पूर्व जिला प्रमुख, प्रधान, पूर्व प्रधान, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चो के प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष एवं मण्डल पदाधिकारी मोर्चो के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी,शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता रहेंगे मुख्य वक्ता लोकतंत्र सेनानी एवं राज्य सभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्का मूंदड़ा रहेगी

पलाडा का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

अजमेर। खो-खो संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी भंवर सिंह पलाडा का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी भंवर सिंह जी पलाड़ा के जन्मदिवस को लेकर समर्थको में काफी उत्साह दिखा। जन्मदिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिये समर्थको द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही तैयार शुरू कर दी गई थी। आलम यह था कि एक सप्ताह पहले ही अजमेर जिले सहित प्रदेष के कई विधानसभा क्षेत्र एवं कस्बे जन्मदिवस की बधाई फ्लेक्स एवं बैनर से अटने लगे थे। भवंर सिंह पलाडा को बधाई देने के लिए सुबह से ही उनके निवास स्थान पर समर्थको का तांता लग गया। समर्थको ने पलाडा का माला व साफा पहनाकर एवं केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। भवंर सिंह पलाडा के द्वारा भी समर्थको को मिठाई और केक खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। शिवभक्त भवंर सिंह पलाडा के चाहने वालो ने भले ही पलाडा का जन्मदिन उन्हें मालाओं से लादकर और केक काटकर मनाया हो लेकिन पलाडा परिवार ने सेवा कार्य के साथ दिन की शुरूआत की। पलाड़ा दम्पति ने सुबह 8:15 बजे कल्प वृक्ष महादेव मंदिर में भगवान षिव की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात् प्रातः 9:45 बजे गौशाला में गुड़ एवं चारे का वितरण किया। प्रातः 10:15 बजे अस्पताल में फलो का वितरण तथा अंध व विकलांग बच्चो सहित गरीब व असहाय बच्चो को भोजन का वितरण किया।

राजस्व प्रकरणों का निस्तारण

सरवाड़ (निसं)। ग्राम पंचायत की अरवड़ एवं ग्राम पंचायत बोराड़ा में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत राजस्व विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन किया गया वहीं शिविर के दौरान मौके पर ही अनेक राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। इस दौरान तहसीलदार बंटी राजपूत ने ग्राम पंचायत बोराड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये वहीं उन्होंने शिविर में आए आमजन से संवाद कर समस्याएं भी सुनीं और त्वरित समाधान के लिए संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

सर्व धर्म मैत्री संघ की सद्भावना यात्रा संपन्न

अजमेर। सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर के तत्वावधान में निकाली गई दो दिवसीय सर्वधर्म सद्भावना यात्रा का समापन समारोह पूर्वक हुआ। सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि दो दिवसीय सद्भावना यात्रा 21 जून को अजमेर से माउंट आबू के लिए निकली। यात्रा अजमेर के प्राचीन चर्च से प्रारंभ होकर माउंट आबू के लिए रवाना हुई थी। अजमेर से आबू तक के रास्ते में शांति वन, दिलवाड़ा जैन मंदिर, सेंटेंस चर्च, शिव मठ, गुरुद्वारा सभा, पांडव भवन सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए 22 जून को माउंट आबू पहुंची। यात्रा में शामिल पदाधिकारियों के दल का ज्ञान सरोवर स्थित ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बीके सुरेश भाई, कमल भाई, उषा दीदी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। सर्वधर्म मैत्री संस्था के अध्यक्ष जैन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का आभार जताया और कहा कि सभी धर्म एक हैं। हमें अनेकता में एकता के संदेश को आगे बढ़ाना चाहिए और इसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्था अच्छा कार्य कर रही है।

पाइपलाइन से पानी बर्बाद

नसीराबाद,। शहर के रेलवे स्टेशन के पास बन रहे नए ब्रिज के समीप एक पानी की पाइपलाइन फूट जाने से मंगलवार को सुबह से पानी व्यर्थ बहता रहा। हालांकि पानी सड़क पर नहीं, बल्कि पाइपलाइन के पास ही बह रहा था, लेकिन दोपहर बाद तक भी कोई समाधान नहीं हो पाया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह से पाइपलाइन से लगातार पानी रिस रहा था और हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह चुका है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, न ही पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। ग्राम नांदला के एक जागरूक नागरिक ने बताया कि सुबह से पाइपलाइन फूटी हुई है और दोपहर तक पानी बहता रहा, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब आसपास के गांवों जैसे नांदला, बनेवड़ा आदि में कई स्थानों पर पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। ऐसे में पाइपलाइन से बहते पानी को देखकर लोगों में नाराजगी भी देखी गई। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब घरों में पानी नहीं आता है तो विभाग को दोष दिया जाता है, लेकिन जब खुले में पानी बह रहा होता है, तो समाज भी जिम्मेदारी से पीछे हट जाता है। यह सोच बदलने की आवश्यकता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि इस तरह की घटनाओं पर त्वरित संज्ञान लेकर जलस्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही को रोका जाए।

महिला ने एसपी से गुहार लगाई

अजमेर। वरुण सागर रोड रावत नगर निवासी संतोष देवी ने अपने पति की प्रताडना और लगातार मिल रही धमकियों से तंग आकर मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक और थानाधिकारी गंज को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। महिला ने पति सहित उसके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पीडित महिला संतोष ने एसपी को सौंप पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि पति कैलाश लंबे समय से उन्हें और बच्चों को फोन पर जान से मारने की धमकियां दे रहा है। महिला ने अपने पति के खिलाफ धारा 144 के तहत भरण-पोषण का मामला अजमेर की पारिवारिक अदालत में दायर कर रखा है।

इसी कारण पति और उसकी दूसरी पत्नी लगातार फोन कर दबाव बना रहे हैं कि वह अदालत में चल रहे केस को वापस ले लें। आरोप है कि आरोपी पति बिना कानूनी तलाक लिए किसी अन्य महिला के साथ रह रहा है और अपने बच्चों तथा पत्नी के लिए कोई आर्थिक मदद नहीं कर रहा। महिला का आरोप है कि पति और उसकी दूसरी पत्नी के मोबाइल से फोन कर गाली-गलौच, धमकी और मानसिक उत्पीड? करते हैं। शिकायत के अनुसार पति ने अपने दोस्तों को भी महिला के घर भेजकर 25 हजार रुपए में खरीदी गई वॉशिंग मशीन वापस लेने का दबाव बनाया। आरोपी ने रिश्तेदारों और बहन के पति को भी धमकियां दी हैं। महिला ने बताया कि उसने पहले भी गंज थाने में शिकायत की थी।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. 15813032P रैंक-NK नाम-RAMESH EM है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SARANYA RAMESH दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम SARANYA S से जाना जाये।

राजस्थान सरकार
कार्यालय तहसीलदार ब्यावर जिला-ब्यावर
क्रमांक/भू.अ./2025/ विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक वसीयतकर्ता खातेदार श्रीमति कमला देवी पत्नि श्री रामनिवास शर्मा, जाति ब्राह्मण निवासी शिवबाड़ी ब्यावर के द्वारा श्री कालूराम शर्मा पुत्र श्री रामनिवास शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी शिवबाड़ी, ब्यावर के पक्ष में अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 22.09.2014 के आधार पर ग्राम नून्दीमालदेव तहसील ब्यावर के खसरा नं. 582/1770, 887, 888, 889, 892 व 893/1 कुल रकबा 2.7155 हैक्टेयर भूमि के 1/4 हिस्से की भूमि वसीयतग्रहिता श्री कालूराम पुत्र श्री रामनिवास के पक्ष में नामान्तरकरण खोलने बावत् प्रकरण संख्या 21/2025 राजस्थान भू राजस्वअधिनियम 1956 की धारा-135(2) के अन्तर्गत अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त खसरा नं. 582/1770, 887, 888, 889, 892 व 893/1 की वसीयत की गयी भूमिका अपजीकृत वसीयत दिनाक 22.09.2014 के आधार पर वसीयतग्रहिता प्रार्थी कालूराम शर्मा पुत्र श्री रामनिवास शर्मा निवासी शिवबाड़ी, ब्यावर के नाम नामान्तरकरण खोले जाने के सम्बंध में किसी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज है तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि में तहसीलदार ब्यावर के कार्यालय में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज मये साक्ष्य सबूत के प्रस्तुत करे। उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत होने वाले उजर/ एतराज स्वीकार नहीं किये जायेंगे। तहसीलदार ब्यावर जिला-ब्यावर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** SNT-GSU-AII-2025-26-02, **कार्य का नामः** S&T work in Connection with-"Raising and extension of ML (Medium Level) platform to HL (High Level) platform with all passenger amenities at stations MLI, KRW, BNGM, HP, GRI, CNL, BQN, DRS, AUWA, BWA, NANA, BNS, KVJ, BMN, MAA, KWI, MXO, SIM, SZA, DRB, VNTD and RGQ stations to eliminate the deficiencies of MEA at 22 stations" over Ajmer Division of NWR, **अनुमानित लागतः** Rs. 1,24,02,777.18, **Bid Security:** Rs. 212000.00, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि व समयः** 18.07.2025 को 15:00 बजे, **ई-निविदायें खोलने की तिथि व समयः** 18.07.2025 को 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता : www.ireps.gov.in

729-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान
क्रमांकः न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/810 **लोक सूचना** दिनांकः 24/06/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम राठौड़ों की ढाणी पटवार हल्का ढाणी पुरोहितान के खसरा 171/57 का कुल क्षेत्रफल 0.6830 हैक्टयर का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1	श्रीमती ममता मीणा पत्नि श्री सतीश मीणा श्रीमती रेणु मीणा पत्नि श्री राजेश्वर मीणा निवासी फरासिया तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर	राठौड़ा की ढाणी पटवार हल्कर ढाणी पुरोहितान 171/57 0.6830 हैक्टयर	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर(राज.)
क्रमांकःनपकि/PWC/BPAS-2386/2025/523 **आम सूचना** दिनांक-24/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशील देवी पत्नी श्री खुशी राम ग्राम मदनगंज, खसरा सं. 913/1 के भूखण्ड सं. 20 का कुल क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज 'अंहिसा विहार द्वितीय' आवासीय कॉलोनी मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- भूखण्ड सं. 19 पश्चिम में- रास्ता 30 फीट चौड़ा
उत्तर में- इसी भूखंड का शेष भाग दक्षिण में- अन्य भूमि

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी। प्रभारी, भवन निर्माण स्वीकृति नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर(राज.)
क्रमांकःनपकि/PWC/BPAS-2393/2025/509 **आम सूचना** दिनांक-16/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोनू कुमार शर्मा पुत्र श्री रामलाल शर्मा ग्राम मदनगंज,खसरा सं. 540 का पार्ट एवं 541 के भूखण्ड सं. ए-87 का कुल क्षेत्रफल 123.33 वर्गगज 'बी.एल.जी. मयूरा सिटी' मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- रास्ता 30 फीट चौड़ा पश्चिम में- खसरा सं. 530/1
उत्तर में- आवासीय भूखण्ड सं. ए- 86 दक्षिण में- आवासीय भूखण्ड सं. ए-88

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी। प्रभारी, भवन निर्माण स्वीकृति नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर राज०
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर
E-Mail ID-npvijaynagar@gmail.com Telephone No.01462-230051
क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2025/1332 **आम सूचना** दिनांक:23.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	पत्रावली नं.	नाम आवेदक	योजना/ग्राम का नाम	खसरा नं.	भू.सं.	क्षेत्रफल
1.	06	बलराम माली/ लक्ष्मण माली	रामा पटेल कॉलोनी, बिजयनगर	392	15	111.11 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान
क्रमांकःन.पा.बि. /निर्माण स्वी./2025/1428 दिनांक-24/6/2025
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईलनं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
47	1.रोहित पुत्र निहालचंद बुरड 2.गीरा पत्नि रोहित बुरड़	महावीर बाजार बिजयनगर ब्लॉक नं. 22(क)भू.सं. 24 व 25 का हिस्सा	29.86 SQ. MTR	व्यवसायिक
48	पारसदेवी पत्नि मूलचंद नाबेडा	नारायण मार्केट स्कीम बिजयनगर म्यु नं. 10/1023 भू.सं. 40 व 41	83.61 SQ. MTR	आवासीय
49	सरोज कायत पत्नि जसंवत कुमार	महावीर कॉलोनी(कामेश वरल द्वितीय) बिजयनगर ख.सं. 1028 व 1041 भू.सं. 44 का पश्चिमी हिस्सा प्रा.नं. 44-बी	55.74 SQ. MTR	आवासीय
50	शकुन्तला जैन पत्नि सुरेन्द्र कुमार	रेल्वे फाटक के पास बिजयनगर ब्लॉक सं. 24 भू.सं. 12	86.14 SQ. MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर
अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर
क्रमांक -LU2012/ADA/2025-26/101641 **लोक सूचना** दिनांक : 23.06.2025

श्री LIKHMA RAM पुत्र श्री ANDA RAM जाति JAT निवासी 33, SARASWATI NAGAR, KAYAD ROAD, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी को निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	सूरजकुण्ड, पीसांगन(अजमेर)	LIKHMA RAM	1507/1452	8400	0.84
2.	सूरजकुण्ड, पीसांगन(अजमेर)	LIKHMA RAM	1509/1459	3500	0.35
				कुल	1.19

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएमएस आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर सम्बन्धक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 23.06.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

"संविधान हत्या दिवस देशवासियों को याद दिलाएगा कि संविधान के कुचले जाने के बाद देश को कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ा था। यह दिन उन सभी लोगों को नमन करने का भी है, जिन्होंने आपातकाल की घोर पीड़ा झेली। देश के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमेशा याद रखेगा।"

-नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



आपातकाल लगाये जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति में

संविधान हत्या दिवस 2025

स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक काला अध्याय

PRESIDENT DECLARES EMERGENCY
Strengthen PM's Hands: Parmar
"Threat To Security From Internal Disorder"
Step Taken To Preserve Unity, Says Zail Singh
676 Arrested All Over Country
PACT SIGNED FOR SALE OF IRON ORE TO IRAN

आपातकाल से जुड़ी समाचारपत्र की क्लिपिंग, 27 जून 1975

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

25 जून 2025 | दोपहर 02:00 बजे
स्थान: त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, दिल्ली

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

आपातकाल के प्रभाव पर विशेष नाट्य मंचन
'लोकतंत्र ज़िंदाबाद' थीम पर प्रदर्शनी

आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग
लोकतंत्र की शक्ति को समर्पित सिग्नेचर ट्रिब्यूट

गरिमामयी उपस्थिति

श्री अश्विनी वैष्णव
माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार

श्री विनय कुमार सक्सेना
माननीय उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली

श्रीमती रेखा गुप्ता
माननीय मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

जानकारी के लिए स्कैन करें

CBC 09101/13/0005/2526